# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**



**क़ादर नवाज़ ख़ान**

**Kadar Nawaz Khan**

कार्यकारी कुलसचिव

Acting Registrar

**दूरभाष क्र.**/Phone no.: 07152-230902


**पत्रांक:** 04/परी./स.प.अप्रैल/2020/01/ १८७१

**दिनांक :** 14 सितम्बर 2020

## सूचना

स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर एवं स्नातक षष्ठ सेमेस्टर (अंतिम/सकल सेमेस्टर) की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसरण में विश्वविद्यालय में कोविड-19 महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए चतुर्थ/षष्ठ (अंतिम सेमेस्टर) की सत्रांत परीक्षा अब ऑनलाइन प्रणाली से दिनांक 25 सितम्बर, 2020 से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह सत्रांत परीक्षा अब पूर्णत: इंटरनेट द्वारा ऑनलाइन (MCQ परीक्षा) प्रणाली से आयोजित की जाएगी, इसका इंटरनेट लिंक/ब्राउजर सहित इंस्टाल लिंक दिया जाएगा। प्रश्न-पत्र 70 अंकों का होगा, इसमें 35 प्रश्न (बहुविकल्पीय) होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित किया गया है। परीक्षा अवधि 90 मिनट की होगी, जिसकी समय-सारणी एवं दिशा-निर्देश अलग से जारी की जाएगी।

साथ ही उक्त सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी, जिनके पिछले प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर में किसी कारणवश यदि कोई प्रश्न-पत्र अपूर्ण/बैक रह गया है, उनकी भी (परीक्षा विभाग में उपलब्ध विवरण के अनुसार) परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिससे संबंधित विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम पूर्ण हो सके। भविष्य में जब विद्यार्थी विश्वविद्यालय में उपस्थित होंगे या अंक-पत्र तथा अन्य प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आएंगे तब संबंधित विद्यार्थियों से प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरवाकर कर पूरक परीक्षा शुल्क प्रति प्रश्न-पत्र रू. 500/- (रू. पांच सौ मात्र) लिया जाएगा। पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र एवं पूरक परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् ही अंक-पत्र तथा अन्य प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे।

क़ादर नवाज़

**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**

14/09/2020

**प्रति सूचनार्थ-**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
2. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता।
4. प्रभारी: लीला, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5. कार्यालय प्रति।